newsjankalyanseva@gmail.com

# साप्ताहिक जनकल्याण सेवा

ठाणे | वर्ष - २२ | अंक - ४ | १३ से १९ फरवरी २०२३ | पृष्ठ - ४ | कीमत : २ रु. | Postal Reg. No. PLG/08/2022-2024

## संपादकीय



संपादक सीमा गुप्ता

## पराई जमीन

हमारे देश से बहुत सारे विद्यार्थी पढ़ाई करने के लिए दूसरे देशों का रुख करते हैं। फिर वहीं वे कोई नौकरी करके बस जाते हैं। इसी तरह बहुत सारे लोग कारोबार के सिलसिले में दूसरे देशों की नागरिकता ले लेते हैं। यह किसी भी देश के लिए अच्छी बात नहीं मानी जाती कि उसके नागरिक दूसरे देशों की नागरिकता लेने को विवश हों। विदेश मंत्री ने संसद में लिखित जवाब देते हुए बताया कि पिछले बारह सालों में कुल सोलह लाख तिरसठ हजार चार सौ चालीस लोग भारतीय नागरिकता छोड़ कर दूसरे देशों में जा बसे हैं। इन सालों में हर साल एक लाख से अधिक लोगों ने देश छोड़ा। सबसे अधिक पिछले साल– सवा दो लाख से अधिक लोग भारत की नागरिकता छोड़ कर दूसरे देशों में बस गए। इन लोगों ने कारोबार या नौकरी के लिए अपने देश की नागरिकता छोड़ दी। हमारे देश में चूंकि दोहरी नागरिकता का प्रावधान नहीं है, इसलिए जो लोग दूसरे देशों में बस जाते हैं, उनकी नागरिकता स्वत: समाप्त हो जाती है। मगर तथ्य यह भी है कि दूसरे देशों की नागरिकता लेना भी इतना आसान नहीं है कि जो चाहे, वही उन देशों में जाकर बस जाए। भारत छोड़ने वालों से सबसे अधिक लोगों ने अमेरिका की नागरिकता ली है। वहां की नागरिकता हासिल करने के लिए लाखों भारतीय जद्दोजहद कर रहे हैं, नौकरी चली जाने के बाद उन्हें वापस आने के अलावा कोई और रास्ता नहीं बचता। जाहिर है, ऐसे लाखों लोग मजबूरी में भारत के नागरिक बने हुए हैं। हकीकत यह है कि हमारे देश से बहुत सारे विद्यार्थी पढ़ाई करने के लिए दूसरे देशों का रुख करते हैं। फिर वहीं वे कोई नौकरी करके बस जाते हैं। इसी तरह बहुत सारे लोग कारोबार के सिलसिले में दूसरे देशों की नागरिकता ले लेते हैं। तथ्य तो यह भी है कि बहुत सारे ऐसे कारोबारियों ने दूसरे देशों की नागरिकता ले ली, जिनका भारत में जमा–जमाया कारोबार था। कुछ समय से यह चिंता भी जताई जा रही है कि कारोबारियों के इस तरह पलायन से देश की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि हमारे देश के कई हिस्सों और तबकों में विदेश जाकर नौकरी या कारोबार करना और फिर वहीं बस जाना प्रतिष्ठा की बात मानी जाती है। यह भी ठीक है कि नौकरी के सिलसिले में विदेश गए लाखों भारतीय यहां भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा भेजते हैं, जिससे सरकार का खजाना भरता है। मगर यह प्रश्न अनुत्तरित है कि आखिर लोगों के सामने ऐसी स्थिति ही क्यों आती है कि उन्हें अपने देश की नागरिकता छोड़ कर पराई जमीन पर जा बसना ज्यादा सुरक्षित जान पड़ता है। दरअसल, शिक्षा और रोजगार के माकूल अवसर उपलब्ध न होने के कारण लाखों विद्यार्थी हर साल देश छोड़ने पर मजबूर होते हैं। आंकड़े गवाह हैं कि भारतीय संस्थानों से जितने विद्यार्थी हर साल तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर बाहर निकलते हैं, उनमें से बमुश्किल एक तिहाई को सम्मानजनक नौकरी मिल पाती है। वेतन आदि के मामले में भी यहां नौकरीशुदा लोगों की स्थिति असंतोषजनक ही है। ऐसे में विदेश पढ़ने गए विद्यार्थी यहां वापस लौटना ही नहीं चाहते। यही हाल कारोबारियों का है। सरकार कारोबार के लिए चाहे जितनी अनुकूल स्थितियां बनाने का प्रयास करती हो, मगर हकीकत यही है कि निवेश और आय का अनुपात सदा अनिश्चित बना रहता है। कारोबार के लिए सुरक्षित वातावरण होता, तो वे अपना देश छोड़ कर कभी न जाते। इसलिए इस तरह अपने देश के संसाधनों का उपयोग कर कौशल अर्जित करने के बाद लोगों का दूसरे देशों में जाकर बसना सरकार के लिए इस दिशा में नए सिरे से सोचने की जरूरत रेखांकित करता है।

# मुझे कुर्सी की लालच नहीं आपके दिलों में जगह चाहिए -उद्धव ठाकरे

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर : राजनीति, कुर्सियां हड़पने का हथियार बन गई है। लेकिन मुझे केवल आसन नहीं चाहिए। मुझे आपके मन में स्थान चाहिए। हृदय का स्थान महत्वपूर्ण होता है। कुर्सियां आती और जाती हैं। मुझे कुर्सी की आवश्यकता नहीं है। यह लड़ाई हम जनता के विश्वास के बल पर जीतेंगे ही, ऐसा विश्वास शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पक्षप्रमुख उद्धव ठाकरे ने व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे पास पहले पिता चुरानेवाले लोग थे। अब गुरु चुरानेवाली टोली भी तैयार हो गई है। आप हमारे पिता अथवा गुरु को चुरा सकते हो लेकिन हमारे मन में संजोए उनके संस्कार चुराकर नहीं ले जा सकते क्योंकि वो जन्मजात हैं, ऐसा उद्धव ठाकरे ने दृढ़ता से कहा। भगवान विमलनाथ जैन मंदिर के जीर्णोद्धार के उपलक्ष्य में अंजन शलाका महोत्सव का आयोजन किया गया है। इस महोत्सव में प्रमुख अतिथि के तौर पर उद्धव ठाकरे उपस्थित थे। शत्रु शक्तिशाली होगा तब भी लड़ाई हम ही जीतेंगे। मैं संकट को कभी भी संकट नहीं मानता। मैं संकट में अवसर तलाशनेवाला व्यक्ति होने के साथ ही शिवसेनाप्रमुख बालासाहेब ठाकरे का पुत्र हूं। इसलिए कितना भी संकट आए मैं बिल्कुल नहीं डरूंगा। शत्रु शक्तिशाली होगा तब भी यह लड़ाई हम हर हाल में जीतेंगे ही, ऐसा दृढ़ विश्वास कल शिवसेना पक्षप्रमुख उद्धव ठाकरे ने कल व्यक्त किया। वे कल भायंदर में भगवान विमल नाथ जैन मंदिर के जीर्णोद्धार के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित थे। इस दौरान जैन मुनिवर आचार्य भगवंत यशोवर्म सुरीश्वरजी महाराज का उद्धव ठाकरे ने आशीर्वाद लिया। इसके बाद जैन समाज ने उद्धव ठाकरे का सत्कार किया। हिंदूहृदयसम्राट शिवसेनाप्रमुख बालासाहेब ठाकरे १९९१ में दादर स्थित जैन मंदिर में दर्शन के लिए गए थे। इस दौरान वहां पंखे की व्यवस्था नहीं थी। उसी बात को याद करते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा कि आपने बालासाहेब की याद दिला दी। लेकिन मेरे पिता को पैंन की कभी भी जरूरत नहीं पड़ी। वे जहां जाते, वहां उनके पैंन ही फैंन होते थे। तभी से उनकी देशभर में हवा है और वो आज भी कायम है।



# नशे की लत ने बनाया चोर, आरोपी गिरफ्तार

**जेकेएस संवाददाता**

मुंबई : मीरा–भाईंदर, वसई–विरार पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत आने वाले काशीमीरा पुलिस स्टेशन के क्राइम ब्रांच यूनिट -१ ने बाइक चोर को गिरफ्तार कर बाइक चोरी के ९ अलग–अलग मामले को सुलझा लिया है ये सभी चोरी के मामले, अलग–अलग पुलिस स्टेशनों में दर्ज थे, जिसमे काशीमीरा में ४, नवघर में १, मीरा रोड में २, तुलिंज पुलिस स्टेशन में १ तथा डीएन नगर मुंबई में १, है प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी नशे का आदि था, और अपने नशा पूर्ति करने के लिए वह चोरी को अंजाम देता था क्राइम ब्रांच में इन सभी मामले में लिप्त २३ वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, पुलिस ने आरोपी के पास से कुल १० मोटरसाइकिल भी जप्त कि है जिसकी कुल बाजार मूल्य लगभग ४,२०,००० है यह कार्य क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त अविनाश अंबुरे के मार्गदर्शन में काशीमीरा पुलिस स्टेशन के क्राइम ब्रांच यूनिट -१ के पुलिस निरीक्षक अविराज कुराडे और उनकी टीम ने किया



# सोशल मीडिया द्वारा होती थी लड़कियां सप्लाई, पुलिस ने किया रंगेहाथ गिरफ्तार

**जेकेएस संवाददाता**

मीरा भायंदर–वसई विरार (एमबीवीवी) पुलिस की एंटी–ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने एक वेश्यावृत्ति रैकेट का भंडाफोड.किया है और एक ऑटो–रिक्शा चालक को गिरफ्तार किया है। हालाँकि रैकेट का मास्टरमाइंड पुलिस टीम को चकमा देकर फरार होने में कामयाब रहा. ड्राइवर का कहना है कि वो सिर्फ महिला को दहिसर नाका से लॉज तक पैसेंजर की तरह ले आया था. पुलिस को ऑनलाइन रैकेट के बारे में सूचना मिली थी। पुलिस ने नकली ग्राहक भेज कर इस जीट चिबीा का भांडा फोड़ किया। इस मामले में पुलिस द्वारा दो युवतियों को छुडाया गया है। ऑनलाइन ग्राहकों को आकर्षित करने और अन्य दलालों के साथ बातचीत करने के लिए वेबसाइटें बनाई थीं, पुलिस का कहना है। बाद में वेबसाइट से कांटेक्ट के बाद महिलाओं की तस्वीरें साझा करने के लिए व्हाट्सएप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया जाता था। नकली ग्राहक को तैयार किया गया। पुष्ठि होने के बाद पुलिस ने जाल बिछाया और ऑटो चालक को गिरफ्तार कर लिया। ऑटो चालक की पहचान रविप्रसाद यादव (४२) के रूप में की गयी है। मीरा रोड के हटकेश इलाके के एक होटल के पास से उसको गिरफ्तार किया गया. ऑटो ड्राइवर द्वारा दी गई सूचना के आधार पर टीम ने दहिसर के एक मकान में छापा मारा. हालांकि इस जीट चिबीा का मास्टर माइंड पुलिस टीम को चकमा दे कर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा ३७० और अनैतिक तस्करी रोकथाम अधिनियम (पीआईटीए) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। बचाई गई महिलाओं को सुरक्षित पुनर्वास गृह भेज दिया गया है. पुलिस ने बताया कि इस मामले में आगे की जांच चल रही है.

# पत्रकार वारिशे की हत्या के विरोध में पत्रकारों का प्रदर्शन

**जेकेएस संवाददाता**

मुंबई : महाराष्ट्र के रत्नागिरी के पत्रकार शशिकांत वारिशे की हत्या के विरोध में मुंबई भर के पत्रकार मंत्रालय में गांधीजी की प्रतिमा के पास एकत्रित हुए। वारिशे (४८) को सोमवार को एक एसयूवी ने कुचल दिया था जिसे कथित तौर पर जमीन कारोबारी पंढरीनाथ अंबरकर चला रहे थे। वारिशे की अगले दिन अस्पताल में मौत हो गई थी। यह आरोप लगाया गया है कि अंबरकर इलाके में हर उस व्यक्ति को धमकी देता था, जो क्षेत्र में प्रस्तावित रिफाइनरी के लिए भूमि अधिग्रहण का विरोध करता था। अंबरकर को अब गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। अंबरकर के खिलाफ वारिशे द्वारा लिखा गया एक लेख घटना की सुबह एक स्थानीय मराठी अखबार में छपा था। घटना मुंबई से लगभग ४४० किलोमीटर दूर राजापुर में एक पेट्रोल पंप के पास हुई थी। महानगर के दक्षिण में स्थित राज्य सचिवालय में दोपहर के समय एकत्र हुए प्रदर्शनकारी पत्रकारों ने मांग की कि मुकदमे की सुनवाई फास्ट ट्रैक अदालत में की जाए और आरोपियों को कडी सजा दी जाए। विरोध में भाग लेने वालों ने कहा कि हत्या में शामिल लोगों के साथ–साथ इसके पीछे की बडी साजिश को एक विशेष जांच दल (एसआईटी) के माध्यम से उजागर किया जाना चाहिए और आरोपी पर कठोर महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) लगाया जाना चाहिए। विधिमंडल और मंत्रालय पत्रकार संघ के सचिव प्रवीण पुरो ने वारिशे के परिजनों को ५० लाख रुपये का मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

# अधर में लटका चुनाव, तारीख पे मिली तारीख

**मुंबई** : सुप्रीम कोर्ट में स्थानीय निकाय चुनाव के संदर्भ में करीब सवा महीने बाद १४ मार्च की तारीख पडी है। इसलिए मुंबई महानगरपालिका सहित २३ मनपाओं, २०७ नगर परिषदों, २५ जिला परिषदों, २८९ पंचायत समितियों के चुनाव बारिश के बाद होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई के लिए पिछले ४ महीने से तारीख पर तारीख मिल रही है। इस क्रम में एक बार फिर नई तारीख सवा महीने बाद १४ मार्च की पडी है। इससे पहले ७ फरवरी को इस मामले की सुनवाई होनेवाली थी, लेकिन इस दिन सुप्रीम कोर्ट के कामकाज के सूची में यह मामला नहीं आया, जिसके कारण सुनवाई नहीं हो पाई। गौरतलब हो कि महाराष्ट्र में निकाय चुनाव सुप्रीम कोर्ट में प्रलंबित होने के कारण अधर में लटका हुआ है। दो कारणों से सुप्रीम कोर्ट में यह मामला प्रलंबित है, पहला कारण ओबीसी आरक्षण का ग्रीन सिग्रल न मिलना और इससे पहले घोषित ९२ नगर परिषदों में ओबीसी आरक्षण मिले, इस बात को लेकर ईडी सरकार कोर्ट में गई है। इसके साथ ही महाविकास आघाडी के कार्यकाल में की गई वॉर्ड रचना को ४ अगस्त को रद्द करने का 'ईडी' सरकार ने अध्यादेश जारी किया। सरकार के इस आदेश के खिलाफ २२ अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने स्थगन आदेश दिंयाहै।

# थिएटर चलाने की जिम्मेदारी मनपा के कंधों पर

मीरा–भायंदर महानगर पालिका ने रंगमंच नीति के तहत ये प्रस्ताव पास किया है कि, थिएटर का इस्तेमाल सिर्फ और सिर्फ नाटक और ड्रामा के लिए ही किया जायेगा ना की शादियों और अन्य फंक्शन के लिए। रंगमंच नीति की घोषणा करते हुए मंगलवार को ये बात कही गयी और इसकी पुष्टि बुधवार को प्रेस रिलीज़ के ज़रिये की गयी। इससे थिएटर प्रेमी नाटकों का लुत्फ सुकून से उठा सकेंगे। थिएटर चलाने की जिम्मेदारी भी खुद मनपा ने अपने कंधों पर ली है

# वॉटर टॅक्सी सेवा शुरु करने की पहल करेगी गीता जैन, डॉ सैनी ने दिया आश्वासन

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर: भायंदर में जल्द ही हार्बर क्रूज सेवा भी उपलब्ध होगी. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड ने विधायिका गीता जैन को आश्वासन दिया पिछले कई दिनों से भायंदर से जल परिवहन शुरू करने और उत्तन में वाटर स्पोट्स शुरू करने के लिए मीरा भायंदर की विधायिका गीता जैन लगातार राज्य सरकार के संबंधित विभाग से गुहार लगा रही थी. उक्त बैठक में विधायिका गीता जैन ने भायंदर से जल यातायात शुरू करने के संबंध में महाराष्ट्र मेरीटाइम बोर्ड के कार्यकारी अधिकारी डॉ. अमित सैनी से जानकारी ली, जिन्होंने आश्वासन दिया. साथ ही उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को भायंदर से बांद्रा सी लिंक तक वाटर टैक्सी जल्द शुरू करने के लिए उचित कदम उठाने का आदेश दिया और डॉ. सैनी ने यह भी कहा कि वह अगले आठ दिनों में उक्त वाटर टैक्सी सेवा शुरू करने की पूरी कोशिश करेंगे इसी प्रकार डॉ. सैनी ने जैन से कहा कि मीरा भायंदर शहर में जल पर्यटन को बढावा देने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा और यदि जल क्रीडा शुरू करने का प्रस्ताव आता है तो एक सप्ताह के भीतर अनुमति प्रदान कर दी जाएगी. उक्त बैठक में मीरा भायंदर नगर निगम के शहर अभियंता दीपक खम्बित और संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।





## माही का बाइक इश्क



हिंदुस्थान के ही नहीं बल्कि विश्व के सफलतम कप्तानों में एक महेंद्र सिंह धोनी उर्फ माही जितना क्रिकेट से प्यार करते हैं उतनी ही मोहब्बत उन्हें अपनी बाइक से भी है, उनके बाइक वाले इश्क से तो पूरी दुनिया वाकिफ है और उन्हें जब भी वक्त और मौका मिलता है तो वो बाइक लेकर सड़कों पर निकल पड़ते हैं। हाल ही में वो रांची की सड़कों पर फ्झ छॅचबरी इइ३१० ३१० बाइक की सवारी करते हुए मीडिया के कैमरे में कैद हुए हैं। मालूम हो कि धोनी अपने होमटाउन रांची में बाइक से झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में क्रिकेट प्रैक्टिस के लिए पहुंचे थे। धोनी का जो वीडियो इस वक्त सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, उसमें वो बाइक स्टार्ट करते हुए नजर आ रहे हैं। उनकी पीठ पर एक बड़ा-सा बैग है और उन्होंने हेलमेट पहन रखा है। धोनी को देखते ही वहां पर भीड़ एकत्रित हो जाती है। धोनी सबका अभिवादन भी करते हैं और फिर बाइक स्टार्ट करके चलते बनते हैं।

## गुमा फोन, फैंस ने लिए मजे

विराट कोहली का नया मोबाइल फोन गुम हो गया। इसकी खबर सोशल मीडिया पर आई तो कोहली के प्रशंसकों ने मजे लेने शुरू कर दिए। दरअसल, विराट कोहली ने एक ट्वीट किया था। इसमें लिखा था, २नया फोन खोने का दर्द ही अलग है। वो भी तब जब आपने उसे अनबॉक्स तक न किया हो। क्या किसी ने उसे देखा है? विराट के इतना ट्वीट करते ही फूड डिलिवरी ऐप जोमैटो से लेकर पैंस ने भी मजेदार कमेंट्स किए। विराट के ट्वीट पर फूड डिलिवरी ऐप जोमैटो ने रिप्लाई किया। जोमैटो ने लिखा, २अगर आप को ठीक लगे तो भाभी (अनुष्का शर्मा) के फोन से आईसक्रीम ऑर्डर कर दें। वहीं, एक फैन ने लिखा- शानदार, अच्छा है। अब आपकी ७५वीं इंटरनेशनल सेंचुरी देखना है। कोहली के इस ट्वीट पर मोबाइल स्मार्टफोन ब्रांड नथिंग ने भी कमेंट किया। नथिंग ने लिखा, २हमें मैसेज करें, हमारे पास आपके लिए एक नया फोन है। कई यूजर्स कह रहे हैं कि ये ट्वीट कोहली ने नए विज्ञापन के लिए किया है। जो किसी मोबाइल फोन कंपनी से जुड़ा हुआ है।



## जादूगर अश्विन !

स्पिन के जादूगर अश्विन ने अपनी स्पिन गेंदबाजी की कला से दिग्गजों को परेशान किया और खुद का खौफ पैदा किया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में भी अश्विन का डर दिख रहा है। नागपुर में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा डर कंगारुओं को उनसे ही था। हालांकि मैच शुरू होने के बाद टीम इंडिया के अन्य गेंदबाजों ने भी धमाका किया। इस दौरान अश्विन ने एक वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने खाते में शामिल कर लिया। इस तरह का कीर्तिमान बनाने वाले वह दुनिया के पांचवें स्पिनर बन गए। अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में अपने ४५० विकेट पूरे किये। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज एलेक्स वैंरी को ३६ रनों के निजी स्कोर पर अश्विन ने क्लीन बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया और टेस्ट क्रिकेट का ४५०वां विकेट हासिल कर लिया। वह ऐसा करने वाले दुनिया के नौवें गेंदबाज बन गए। स्पिन विभाग से इस उपलब्धि को हासिल करने वाले पांचवें स्पिनर बन गए। ८९वें मुकाबले में अश्विन ने यह बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली। उनसे पहले मुथैया मुरलीधरन, शेन वॉर्न, अनिल कुंबले और नाथन लायन जैसे स्पिनरों ने ऐसा किया था।



## सूर्य ने गिल को क्यों गलाया?

रोहित शर्मा ने टेस्ट मैच की शुरुआत पर चौंका दिया। सूर्यकुमार यादव को मौका देकर। टेस्ट डेब्यू कर रहे सूर्य ने दरअसल, शुभमन गिल को गला दिया। शुभमन फार्म में थे और उनकी जगह सूर्य को देकर टीम मैनेजमेंट ने बड़ा रिस्क लिया है। जब गिल को न खिलाए जाने पर बात उठी तो बताया जाने लगा कि प्लेइंग इलेवन में सूर्यकुमार यादव का चुनाव पिच के मिजाज को देखते हुए किया गया है। बेशक गिल का फॉर्म शानदार रहा है। लेकिन टीम मैनेजमेंट ये अच्छे से जानता है कि सूर्यकुमार यादव में नाथन लायन जैसे अनुभवी गेंदबाजों की लय बिगाड़ने की ताकत है।

# ब्रेथ एनालाइजर जांच जबरदस्ती नहीं कर सकते पुलिस, न्यायालय का झटका !

**जेकेएस संवाददाता**

मुंबई : वाहन चालक शराब के नशे में है या नहीं, इसकी जांच करने के लिए ट्रैफिक पुलिस ब्रेथ एनालाइजर की जांच जबरदस्ती नहीं कर सकती है, ऐसा महत्वपूर्ण निर्णय सत्र न्यायालय ने दिया है। दोपहिया वाहन चालक शराब के नशे में नहीं था, ऐसा जांच में पता चला है तो पिछली सीट पर बैठे व्यक्ति का ब्रेथ एनालाइजर जांच करने का कोई कारण ही नहीं था। सत्र न्यायालय ने ऐसा कहते हुए पुलिस की पिटाई करनेवाले व्यक्ति को बाइज्जत बरी कर दिया। बता दें कि २४ फरवरी २०१३ को आरोपी प्रभाकर सोमवंशी अपने भाई के साथ दोपहिया वाहन पर शिव-ट्रांबे मार्ग पर जा रहा था। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस ने बाइक रोक दी और चालक से उसका ड्राइविंग लाइसेंस मांगा। उस समय चालक के पास लाइसेंस नहीं था इसलिए पुलिस को शक हुआ कि दोनों ने शराब पी रखी है। इसके बाद पुलिस ने सबसे पहले चालक का ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट कराया, जिसमें साबित हो गया कि वाहन चालक ने शराब नहीं पी थी। उसके बाद जब पुलिस ने सोमवंशी का ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट करने को कहा तो उन्होंने साफ इनकार कर दिया। इसी दौरान कहासुनी के चलते सोमवंशी ने दो ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के साथ गाली-गलौज व मारपीट कर ली। इस मामले में सोमवंशी के खिलाफ आईपीसी की धारा ३५३, ३३२ समेत कई धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया था। हालांकि, पुलिस ने कथित मारपीट और गाली-गलौज के आरोपों को साबित करने के लिए कोई ठोस सबूत पेश नहीं किया। इसी आधार पर अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एन. पी. मेहता ने सोमवंशी को बाइज्जत बरी कर दिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी का मेडिकल कराया गया तो ब्लड सैंपल की रिपोर्ट सौंपना सरकारी पक्ष की जिम्मेदारी थी। हालांकि, यह रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई, जो साबित करता है कि आरोपी ने उस दिन शराब नहीं पी थी, ऐसा भी उल्लेख भी न्यायाधीश ने किया।



## मोदी जी की महत्वाकांक्षी डिजिटल योजना हुई डिरेल : देशी कार्ड कबाड़ में !




मुंबई : केंद्र की भाजपा सरकार ने मास्टर कार्ड और वीजा कार्ड के एकाधिकार को समाप्त करने के लिए वर्ष २०१२ में भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने रुपे कार्ड लॉन्च किया था। पीएम नरेंद्र मोदी देश को डिजिटल बनाना चाहते हैं लेकिन देश का सबसे बड़ा रेल विभाग उनकी महत्वाकांक्षी योजना को डिरेल कर रहा है। दरअसल, रेल विभाग की कई टिकट खिड़कियों पर देशी कार्ड यानी रुपे कार्ड से भुगतान नहीं हो रहा है, जिससे नाराज यात्री देशी कार्ड को कबाड़ में डालकर वीजा और मास्टर कार्ड पर भरोसा दिखा रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी देश को डिजिटालाइजेशन बनाना चाहते हैं। इसलिए अब बैंक भी रुपे कार्ड ग्राहकों को दे रहा है। साथ ही सरकार भी अपने सभी विभाग लगभग डिजिटल कर चुकी है। डिजिटली ट्रांजेक्शन होने के कारण अब लोगों के वैंश रखने की आदत छूट गई है, क्योंकि जब भी कहीं पेमेंट करनी होती है तो लोग भीम यूपीआई या फिर कार्ड का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन यह कार्ड सरकारी विभाग में काम नहीं कर रहा है, जिससे लोगों को काफी परेशानियां हो रही हैं। एक यात्री ने बताया कि वह नालासोपारा के निवासी हैं। पिछले कई वर्षो से लोकल ट्रेन के फर्स्ट क्लास डिब्बे में सफर करते आ रहे हैं। पहले वह वैंश में पास निकालते थे लेकिन जब से सब डिजिटल हो गया है, तब से वह सिर्फ डेली खर्चे के लिए वैंश रखते हैं। उन्होंने बताया कि उनके पास रुपे कार्ड है। जब भी वे रेलवे का पास निकालने के लिए टिकट खिड़की पर जाते हैं तो काउंटर पर बैठे लोग रुपे कार्ड देखकर मासिक पास देने से इनकार कर देते हैं। उनका कहना है कि रुपे कार्ड ही उनकी मशीन में नहीं चलता है, जबकि वीजा और मास्टर से बराबर भुगतान होता है। टिकट खिड़की से टिकट निकालनेवाले अखिलेश दुबे ने बताया कि रुपे कार्ड देने के बाद रेलवे की मशीन में सर्वर डाउन दिखाता है, जबकि वीजा और मास्टर कार्ड से बड़ी ही आसानी से पेमेंट हो जाता है। जैसा कि रेलवे देश का सबसे बड़ा विभाग है। देश के पीएम डिजिटल ट्रांजेक्शन को बढ़ावा दे रहे हैं, जबकि रेलवे की इस सेवा से लोग परेशान हो रहे हैं। पश्चिम और मध्य रेलवे के कई स्टेशनों पर यह समस्या हो रही है। यात्रियों की मानें तो यह समस्या सबसे ज्यादा ग्रामीण भागों के स्टेशन पर हो रही है। इस मामले में पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ सुमित ठाकुर ने जांच करने की बात कही है।






## एनआईए की टीम ने पालघर जिले के बोईसर में रहनेवाले एक युवक को हिरासत में लिया

**जेकेएस संवाददाता**

मुंबई : देश को दहलाने की साजिश रचनेवाले आईएसआई और अलकायदा का बोईसर कनेक्शन सामने आया है। शनिवार सुबह एनआईए की टीम ने पालघर जिले के बोईसर में रहनेवाले एक युवक को हिरासत में लिया है। यह युवक कथित रूप से आतंकवादी संगठनों के संपर्क में बताया जा रहा है। एनआईए की टीम ने युवक के मोबाइल और लैपटॉप को जप्त किया है। साथ ही एनआईए की टीम मुंबई और बंगलुरु में रेड डाल रही है। पुलिस ने आशंका जताई है कि जांच में और कई कड़ियां जुड़ सकती हैं। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, २४ वर्षीय हेमराज शेख पिछले ३० साल से बोईसर के अवध नगर में रह रहा है। उसके पिता बोईसर में चप्पल-जूते का कारोबार करते हैं। शेख ने बोईसर में रहकर स्कूल, कॉलेज और होटल मैनेजमेंट की पढ़ाई की। शनिवार सुबह हेमराज शेख प्रतिदिन की तहत पिता की दुकान पर बैठा था। करीब ८.३० बजे बोईसर पुलिस और एनआईए की टीम दुकान पर आई और हेमराज को हिरासत में लेकर बोईसर पुलिस स्टेशन गई, जहां करीब आठ घंटे तक पूछताछ की। इसके बाद एनआईए की टीम शेख के घर गई, जहां से लैपटॉप, मोबाइल फोन सहित कई दस्तावेजों को जप्त किया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, शेख ने एनआईए की जांच में कई अहम खुलासे किए हैं। इसके बाद मुंबई और बंगलुरु में छापामारी की जा रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, हेमराज ने पालघर जिले के कॉलेज में होटल मैनेजमेंट की पढ़ाई करने के बाद द्वीप दमन और केरल में नौकरी की। इसके बाद पिछले चार वर्षों से सऊदी अरब में नौकरी कर रहा था। शेख तीन महीने पहले ही देश वापस आया था। हेमराज शेख के पिता के मुताबिक, पुलिस और एनआईए के अधिकारी अचानक घर आए थे। उन्होंने पूरे घर की तलाशी ली और बताया कि बेटा आईएसआई सहित अन्य संगठन से बात करता है, ऐसा उन्हें संदेह है इसलिए शेख को हिरासत में लिया है। उन्होंने कहा कि नमाज पढ़कर आने के बाद बेटा दिनभर घर पर रहता है लेकिन बाहर जाकर किससे बात करता है ये उन्हें नहीं मालूम है। शेख के पिता ने दावा किया कि उनका बेटा अच्छा इंसान है।




## २३ जोड़ों ने लिए ७ फेरे ! राईपुर धर्मलक्ष्मी जनसेवा ट्रस्ट का सामूहिक विवाह महोत्सव संपन्न



**भाईंदर।** सनातन धर्म में सबसे बड़ा कन्यादान को माना गया है। भायंदर में यह पुनीत कार्य करवाया राईपुर धर्मलक्ष्मी जनसेवा ट्रस्ट ने। ट्रस्ट के छठवें सर्वजातीय सामूहिक विवाह महोत्सव कन्यादान में २३ जोड़ों ने एक साथ सात-सात फेरे लिए। इससे पहले संस्था ६६ जोड़ों की शादी करा चुकी है। संस्था के अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा व महासचिव दिनेश जानी के मुताबिक सामुहिक विवाह १० फरवरी को बालासाहेब ठाकरे मैदान, इंद्रलोक, भायंदर- पूर्व में दो सत्रों में संपन्न हुआ। संस्था ने पूरे देशभर में ५००० बेटियों का कन्यादान करने का संकल्प लिया है। इसी क्रम में २०२३ में २५० बेटियों का सामूहिक विवाह सुनिश्चित किया गया है। २३ में से १० जोड़े महाराष्ट्रीयन, ७ जोड़े गुजराती तथा ६ जोड़े उत्तर प्रदेशीय हैं। इसकी पूर्व संध्या (९ फरवरी) पर राजेश मंडलोई द्वारा निर्देशित नानी बाई रो मायरो का नाट्य मंचन भी रखा गया था। शर्मा ने कहा कि सभी जोड़ों की उनके रीति-रिवाज से शादी कराई गई। बेटियों को आभूषण तथा गृह उपयोगी वस्तुएं देकर विदा किया किया गया।आम शादियों की भांति खाने-पीने की मुकम्मल व्यवस्था की गई थी। उपस्थित मेहमानों ने ट्रस्ट के कार्यो की भूरि-भूरि प्रशंसा की।






















## शिल्पा-गुल्की के बीच टशन



भाबी जी शिल्पा शिंदे ने हाल ही में मैडम सर सीरियल से टीवी पर वापसी की थी, लेकिन कुछ हफ्ते की शूटिंग के बाद उन्होंने शो छोड़ दिया। इसके बाद शिल्पा और गुल्की का टशन सामने आया। शिल्पा ने मेकर्स और शो की लीड एक्ट्रेस गुल्की जोशी पर आरोप लगाए। शिल्पा ने कहा, ३एक दिन मैं शूटिंग नहीं कर रही थी और ऐसी अफवाहें थीं कि मैंने शो छोड़ दिया है। ये अफवाहें किसने पैंलाईं ? मैंने सच बोला और इतनी मिर्ची लगी। एक सीनियर आर्टिस्ट को तुम लोग इतनी खराब तरह से बोल रहे हो, वाकई तुम्हारी अक्ल घुटनों में ही है। मेरी एंट्री के बाद रेटिंग बढ़ी। मुझे शो में लाने के पीछे कोई तो वजह रही होगी। गुल्की के कॉमेंट पर रिएक्ट करते हुए शिल्पा ने कहा, ३ यह मजाक है! गुल्की जोशी कौन हैं और उन्होंने अपने करियर में क्या किया है ? वो मेरी वजह से फेमस हो गई है। शिल्पा ने कहा कि इस घटना से उन्होंने जो एक सबक सीखा है, वो ये है, मैं अब से सिर्फ लीड रोल निभाऊंगी। मुझे दूसरे लोगों को मेरी वजह से फुटेज नहीं देना है। इस बारे में गुल्की जोशी ने कहा, ३शिल्पा ने हमारे साथ शूटिंग शुरू की और हम अच्छे थे। उसने अपने ट्रैक को खत्म करने के लिए करीब एक हफ्ते और एक दिन की शूटिंग की। जाहिर तौर पर शूटिंग के आखिरी दिन वे गुस्से में थीं। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि हमारा शो खत्म हो रहा है और हम छापने का काम करते हैं, एक्टर्स का का मन नहीं है काम करने में। मुझे नहीं पता कि उन्हें ये बातें कहने के लिए किसने प्रेरित किया। लगभग उसी समय, मुझसे एक इंटरव्यू में इसके बारे में पूछा गया और मैंने कहा कि अगर हम दिलचस्पी नहीं रखते तो शो इतने लंबे समय तक नहीं चलता और दर्शक बेहतर जज होते हैं कि कौन योग्य है और कौन नहीं। बस इतना ही था! मैं अभी भी यह पता लगाने की कोशिश कर रही हूं कि यह इतना अपमानजनक कैसे था कि उन्होंने हमारे बारे में भद्दी टिप्पणियां करते हुए और यहां तक कि हमें गाली देते हुए एक वीडियो पोस्ट किया।

# युवती से बलात्कार के मामले में एमएचबी पुलिस ने एक ५० वर्षीय शख्स और उसके एक बेटे को गिरफ्तार किया

**विरार :** विरार -पूर्व रहने वाली एक युवती से बलात्कार के मामले में एमएचबी पुलिस ने एक ५० वर्षीय शख्स और उसके एक बेटे को गिरफ्तार किया है, जबकि दिव्यांग होने के कारण दूसरे आरोपी बेटे को जांच एव कानूनी कार्रवाई में मदद करने की नोटिस दी है। सभी आरोपी पीडिता के रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। बलात्कार का यह मामला ८ साल पुराना है। उस समय पीडिता की उम्र महज १४ साल थी इसलिए पुलिस ने एफआईआर में आरोपियों के खिलाफ पोक्सो की धाराएं भी लगाई हैं। बता दें कि विरार



-पूर्व में रहने वाली पीडिता कुछ पारिवारिक कारणों से वर्ष २०१४ में बोरीवली -पश्चिम स्थित एमएचबी पुलिस थाने की हद में रहने वाली अपनी मौसी के घर कुछ समय के लिए आई थी। उस दौरान पीडिता की मौसी के ५० वर्षीय पति (मौसा) व एक १९ वर्षीय और दूसरे दिव्यांग भाई ने मौका पा कर पीडिता को कई बार हवस का शिकार बनाया था। १४ वर्ष की उम्र में डर और पारिवारिक परेशानियों के कारण पीडिता अपने मौसा और मौसेरे भाइयों द्वारा किए गए यौन शौषण के खिलाफ आवाज नहीं उठा सकी। लेकिन ११ फरवरी को पीडिता ने पालघर जिले के विरार पुलिस थाने में ८ साल पहले हुए बलात्कार की शिकायत दर्ज कराई। एमएचबी पुलिस थाने के वरिष्ट पुलिस निरीक्षक सुधीर कुडालकर ने बताया कि घटना बोरीवली -पश्चिम में घटी थी और घटनास्थल एमएचबी पुलिस थाने की हद में आता है, इसलिए विरार पुलिस ने ००/२०२३ नंबर से एफआईआर दर्ज करके मामला एमएचबी पुलिस को ट्रांसफर कर दिया और एफआईआर उनके पास पहुंचने के ४ घंटे से भी कम समय में एमएचबी पुलिस के पीआई नागतिलक व एपीआई पवार, पीएसआई कांबले की टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## वकीलों और परिजनों की सरकार से मांग : नोटिस मत पकड़ाओ ऑनलाइन गेमिंग पर बैन लगाओ!

**जेकेएस संवाददाता**

**मुंबई :** आयकर विभाग ने ई गेमिंग कंपनियों के लिए खेलनेवाले ऑनलाइन गेमर्स को नोटिस भेजा है। नोटिस भेजकर आयकर विभाग ने कमाई का टैक्स भरने को कहा है। एक ओर जहां सरकार खतरनाक ऑनलाइन गेमिंग से राजस्व कमाने में लगी हुई हैं, वहीं दूसरी ओर परिजनों और वकीलों ने ऑनलाइन गेमिंग पर बैन लगाकर देश के भविष्य को बचाने की मांग की है। बता दें कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अध्यक्ष नितिन गुप्ता की दलील के बाद पिछले साल आयकर विभाग ने एक मामला उठाया था कि २० कंपनियों से जुड़े खिलाड़ियों ने २०२१-२२ तक सकल जीत राशि के रूप में तीन वर्षों में ५८,००० करोड़ रुपए की कमाई की है। बजट के अनुसार कर व्यवस्था में बदलाव किया गया है। जीत राशि के आधार पर कर अधिकारियों को ई गेमर्स के साथ अलग व्यवस्था करनी होगी। कुछ महीने पहले आयकर विभाग ने इन ई गेमर्स को नोटिस दिया था। इन गेमर्स को १०,००० रुपए से अधिक का भुगतान प्राप्त हुआ, जिसके लिए स्रोत पर कर काटा जाना तय था। नोटिस मिलनेवाले गेमर्स से अभी तक प्रतिक्रिया नहीं मिली है। आयकर अधिकारियों ने अभी तक इस मुद्दे पर अंतिम पैंसला नहीं लिया है। वर्तमान में आयकर कानूनों के तहत ऑनलाइन खेलों से जीत पर ३० प्रतिशत कर लगाया जाता है। यदि जीत १०,००० रुपए से अधिक है तो गेमिंग कंपनी को उस पर कर काटना होगा। आयकर अधिनियम, १९६१ की धारा १९४ बी ने अनिवार्य किया है कि लॉटरी या वर्ग पहेली से जीत के माध्यम से आय के लिए किसी भी जिम्मेदार व्यक्ति को लागू दर पर कर देना होगा।



## किसान नेता रवि तुपकर ने किया पुलिस वर्दी में आत्मदाह का प्रयास!

**मुंबई :** किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर स्वाभिमानी शेतकरी संगठन के नेता रविकांत तुपकर आक्रमक हो गए हैं। कल उन्होंने बुलढाणा जिलाधिकारी कार्यालय के सामने आत्मदाह का प्रयास किया। तुपकर पुलिस की वर्दी में आए



थे। बुलढाणा जिलाधिकारी कार्यालय के सामने उन्होंने स्वयं के ऊपर पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयत्न किया, जिसके बाद पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच संघर्ष देखने को मिला। हालांकि, पुलिस ने तुपकर को आत्मदाह करने से बचा लिया। बताया जाता है कि १० फरवरी तक रविकांत तुपकर ने सरकार को कपास, सोयाबीन और फसल बीमा को लेकर चेतावनी दी थी। पिछले चार दिनों से तुपकर भूमिगत थे। पुलिस की ओर से उनकी खोजबीन जारी थी। इस दरम्यान सरकार को दी गई १० फरवरी की अवधि समाप्त हो गई। कल तुपकर ने पुलिस वर्दी में बुलढाणा जिलाधिकारी कार्यालय के सामने आत्मदहन करने का प्रयत्न किया। कल ११ फरवरी को हजारों किसान बुलढाणा जिलाधिकारी कार्यालय के सामने जमा हुए थे।

## काजोल की वजह से कुछ-कुछ: नहीं किया

रवीना टंडन का बॉलीवुड करियर बेहद शानदार रहा है। एक्ट्रेस ने अपने अब तक के करियर में मोहरा, दिलवाले, अंदाज अपना-अपना, दूल्हे राजा, लाडला, खिलाड़ियों का खिलाड़ी, बड़े मियां छोटे मियां, आंटी नंबर वन, शूल जैसी कई शानदार फिल्मों में काम किया है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि १९९८ में आई करण जौहर की ब्लॉकबस्टर फिल्म कुछ-कुछ होता है के लिए रवीना को ऑफर किया गया था लेकिन एक्ट्रेस ने इस फिल्म को काजोल की वजह से ना कह दी थी। दरअसल, हाल ही में रवीना ने इस फिल्म पर खुलासा करते हुए कहा कि, ३मैंने करण की फिल्म कुछ-कुछ होता है को इस वजह से रिजेक्ट कर दिया था क्योंकि फिल्म में मेरा किरदार काजोल के रोल से बहुत छोटा था। रवीना ने आगे कहा- काजोल और मैंने साथ में ही फिल्म इंडस्ट्री में शुरुआत की थी। करियर के पीक पर पहुंचकर मैं कोई ऐसी फिल्म नहीं करना चाहती थी जिस फिल्म में मेरा किरदार दूसरी एक्ट्रेस से छोटा हो। यही वजह थी कि मैंने करण की फिल्म में काम करने से इंकार कर दिया था। शायद रवीना को काजोल से छोटे रोल करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। वैसे भी रवीना:काजोल से कम थोड़ी न हैं:!



## साले ने कि-ाा जीजा का मर्डर

**पालघर :** मोखाडा पुलिस स्टेशन क्षेत्र के ब्राम्हणगांव में एक साले ने अपने जीजा की कुल्हाडी से वार कर हत-ाा कर दी। पुलिस ने आरोपी साले को गिरफ्तार कर लि-ाा है। जानकारी के अनुसार, ब्राम्हणगांव निवासी महेंद्र भो-ो (३०) अपनी पत्नी व बच्चों के साथ रहता था उसका हर रोज पत्नी के साथ झगडा होता रहता था। दोनों के झगडे.से पडोस में रहने वाला उसका साला दिलीप महाले काफी परेशान रहता था। वुधवार रात को पति-पत्नी में विवाद शुरू हो ग-ाा, तो महाले झगडा सुलझाने पहुंच ग-ाा। इस वीच भो-ो उनसे भी झगडऩे लगा। इसी दौरान नाराज महाले ने घर में रखी कुल्हाड़ी से जीजा पर कई वार कर उसकी हत-ाा कर दी। ग्रामीणों की शिका-ात पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लि-ाा है।

## वृक्ष हमें ऑक्सीजन की आपूर्ति करते हैं- आदित्य ठाकरे

मुंबई : वृक्ष हमें ऑक्सीजन की आपूर्ति करते हैं। जिंदा रखते हैं। विकास लोगों का जीवन स्तर सुधारने के लिए किया जाता है। विकास के लिए पेड़ों का कत्ल कर लोगों का ऑक्सीजन ही निकाल लिए तो बुलेट ट्रेन, मेट्रो किसके लिए ? ऐसा स्पष्ठ सवाल शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पक्ष के नेता, युवासेनाप्रमुख, विधायक आदित्य ठाकरे ने कल किया। चेन्नई में आयोजित थिंक एज्यु २०२३ परिषद में ३पर्यावरण में परिवर्तन: हमें चिंता करने की आवश्यकता क्यों ? इस विषय पर चर्चा सत्र में वे बोल रहे थे। मुंबई के विकास को लेकर पूछे गए सवालों पर आदित्य ठाकरे ने इस चर्चा सत्र में समझदारी से जवाब दिए। विकास के नाम पर पेड़ काटकर पर्यावरण नष्ठ किए जाने पर उन्होंने नाराजगी जताई। हर चीज में संतुलन होना चाहिए, ऐसा कहते हुए उन्होंने कहा कि, ३हमें बुलेट ट्रेन, मेट्रो और सड़कें चाहिए, लेकिन हम ये किसके लिए बना रहे हैं? लोगों के लिए और जीवन की गुणवत्ता के लिए। उसके लिए पेड़ों को काटने की शुरुआत करें, लोगों के आक्सीजन को ही निकाल दें, जीवन का स्तर ही खराब करें तो फिर बुलेट ट्रेन, मेट्रो और सड़क किसके लिए ? पत्रकार कावेरी बामजाई द्वारा पूछे गए सवालों का आदित्य ठाकरे द्वारा दिए गए जवाब का उपस्थित लोगों ने तालियों से समर्थन किया। मिंधे सरकार द्वारा सत्ता का दुरुपयोग होने की आलोचना करते हुए, सत्ता यह शाश्वत नहीं होती, यह हमेशा ध्यान में रखना महत्वपूर्ण है, ऐसा भी आदित्य ठाकरे ने कहा।



## बर्फीले पहाड़ों पर लुटाया प्यार

फरवरी महीना प्यार का महीना माना जाता है। वेलेंटाइन डे के इस वीक में कपल प्यार का इजहार अपने-अपने तरीके से कर रहे हैं। बॉलीवुड सेलेब्स भी प्यार के इस महीने का भरपूर लुत्फ उठा रहे हैं। ऐसे में बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा भला कैसे पीछे रह सकती हैं? इन दिनों वे पति निक जोनस के साथ स्पेन में सर्दियों का मजा ले रही हैं। इस बीच बर्फीले पहाड़ों पर दोनों खुलेआम रोमांस करते दिखे। हाल ही में निक जोनस ने वाइफ प्रियंका संग कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जिनमें दोनों का रोमांस साफ-साफ दिखाई दे रहा है। तस्वीरों में निक और प्रियंका बर्फ में एंजॉय करते दिखाई दे रहे हैं। एक्ट्रेस के लुक की बात करें तो उन्होंने व्हाइट कलर का जंपसूट पहना हुआ है, जिसमें रेड और ब्लू कलर के चैक प्रिंट्स बने हुए हैं। दूसरी ओर निक कैप के साथ ब्लैक एंड व्हाइट ट्रैक सूट में हैंडसम लग रहे है। दोनों का रोमांटिक अंदाज उनके फैंस को काफी पसंद आ रहा है।



## सिग्नल तोड़ना गैरकानूनी और खतरनाक

**जेकेएस संवाददाता**

ठाणे : सिग्नल तोड़ना गैरकानूनी और खतरनाक होता है। इसके बावजूद वाहन चालक सिग्नल तोड़कर ट्रैफिक नियम के साथ-साथ अपनी और दूसरों की जान भी जोखिम में डालते हैं। ठाणे में भी वाहन चालकों पर सिग्नल तोड़ने का सुरूर सवार रहता है। ठाणे में रोजाना ४८३ वाहन चालक सिग्नल तोड़ते हैं। ठाणे ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक, पिछले १ वर्ष में ठाणेकरों ने ११ करोड़ २२ लाख रुपए का जुर्माना भरा है। बता दें कि विभिन्न मार्गों व महामार्गों पर सिग्नल, वाहन चालकों की सुरक्षा और ट्रैफिक समस्या को समाप्त करने के लिए लगाए गए हैं। कोई वाहन चालक सिग्नल न तोड़े, इसके लिए दंड का प्रावधान भी किया गया है। इतना सब होने के बावजूद वाहन चालक सिग्नल तोड़ने से बाज नहीं आते हैं। ठाणे पुलिस आयुक्तालय की सीमा में भी ऐसे वाहन चालकों की संख्या बहुत अधिक है। ठाणे ट्रैफिक पुलिस द्वारा मिली जानकारी के अनुसार, पिछले वर्ष कुल १ लाख ७६ हजार ६४२ वाहन चालकों ने सिग्नल तोड़ा। ट्रैफिक पुलिस ने इन वाहन चालकों से ११ करोड़ २२ लाख ४३ हजार २०० रुपए का जुर्माना वसूला है। ठाणे ट्रैफिक पुलिस उपायुक्त विनय कुमार राठौड़ ने बताया कि सिग्नल तोड़कर वाहन चालक अपनी और अन्य यात्रियों की जान खतरे में डालते हैं। नए सेंट्रल मोटर व्हीकल एक्ट के मुताबिक, अब पुलिस पहली बार ५०० और दूसरी बार १,५०० रुपए का जुर्माना लगाती है।




**मिरा-भाईंदर महानगरपालिका**
स्व. इंदिरा गांधी भवन, मुख्य कार्यालय, छत्रपती शिवाजी महाराज मार्ग,
भाईंदर (प.) ता. जि. ठाणे, ४०१ १०१
**क्रिडा विभाग**

जा. क्र. मनपा/क्रीवि / १२३/ २०२२ - २३ दिनांक : ०९/०२/२०२३

॥ जाहीर निविदा ॥

मिरा भाईंदर महानगरपालिका क्रीडा विभागाच्यावतीने आयोजित जिल्हास्तरीय शालेय क्रीडा स्पर्धा आयोजित करण्यात आलेल्या आहेत. सदर स्पर्धेच्या विद्यार्थ्यांना [illegible] पुरवठा करण्याचा आहे. (अंदाजित खर्च रु.१०,००,०००/-) मिरा भाईंदर महानगरपालिकेच्या संकेतस्थळावर www.mbmc.gov.in Off-line पध्दतीने इच्छुक ठेकेदाराकडून बी-१ नमुन्यातील निविदा मागविण्यात येत आहेत. सदरकामी अधिक माहिती महानगरपालिका क्रीडा विभाग,पहिला मजला, मुख्य कार्यालय, भाईंदर (प.) दि. २०/०२/२०२३ रोजी पर्यंत उपलब्ध होईल. भरलेले निविदा दि. १७/०२/२०२३ रोजी दुपारी [illegible] वाजेपर्यंत क्रीडा विभागात स्विकारण्यात येतील. सदरकामी निविदा फॉर्म फी [illegible] + GST 18% रु.[illegible]/- दि. १७/०२/२०२३ रोजी दु.[illegible] वाजेपर्यंत व इसारा रक्कम रु.[illegible]/- रोखीने दि. १७/०२/२०२३ रोजी दु. ०३.०० वाजेपर्यंत भरुन घ्यावी [illegible] निविदा उपस्थितांसमोर उघडणे बंधनकारक राहील.

सदर्गीत निविदा अटी व त्याच बिपर्जी कागदपत्रांची पूर्तता केल्या अन्यथा [illegible] येईल. सदरकामी निविदा मंजूर झाल्यास त्वरीत काम करुन द्यावे लागेल. कोणतेही कारण न देता निविदा स्विकारण्याचा अथवा सर्व निविदा नाकारण्याचा अधिकार मा. आयुक्त सो. राखून ठेवला आहे.

सही/-
(कल्पिता पिंगळे)
उप-आयुक्त (क्रीडा विभाग)
मिरा-भाईंदर महानगरपालिका

जा. क्र. मनपा/मावज/५४५/ २०२२-२३
दि. १०/०२/२०२३

# काँग्रेस का साथी लोगों को न्याय दिलाने में तत्पर



**जेकेएस संवाददाता**

**भाईंदर :** मीरा भायंदर शहर जिला कांग्रेस कमेटी व यूथ कांग्रेस के सदस्य लगातार लोगों की आवाज उठा रहे हैं और निष्पक्ष तरीके से सत्याग्रह कर रहे हैं। एसटीपी का मामला हो, थिएटर का मामला हो या जनता के टैक्स के पैसों का गबन कांग्रेस का हर कार्यकर्ता जनहित के लिए प्रतिबद्ध है। महिला एवं बाल कल्याण विभाग में जांच में प्रशासन को ६ माह से अधिक का समय लग गया है। साफ है कि उन पर सत्ताधारी बीजेपी का दबाव है. हम माननीय आयुक्त दिलीप ढोले से अभिभावक के रूप में अपील करते हैं कि वह इस जातिवार जांच करें और जनता को जवाब दें कि दस साल की सूचना के बजाय संबंधित विभाग द्वारा केवल पांच साल की सूचना क्यों दी गई। हमारे नेता मुजफ्फर हुसैन एवं जिलाध्यक्ष प्रमोद सामंत के नेतृत्व में मीरा भायंदर शहर में हर कांग्रेस व यूथ कांग्रेस का साथी लोगों को न्याय दिलाने के लिए तत्पर है. इस मौके पर एक बडा आंदोलन खडा करने की हमारी तैयारी है। लेकिन महिला एवं बाल कल्याण विभाग में हुए १८ करोड. रुपये के भ्रष्ठाचार की जांच रिपोर्ट जनता के सामने आनी ही चाहिए!

# शैलेश पांडे की मेहनत रंग लाई, शिवसेना के बने राष्ट्रीय प्रवक्ता

भाईंदर : शिवसेना नेता शैलेश पांडे को शिवसेना( उद्धव बालासहेब ठाकरे) राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त होने पर लोकप्रिय सांसद श्री राजन विचारे जी ने शॉल पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। शैलेश पांडे जो कि पिछ्ले ३० वर्षो से विद्यार्थी जीवन से ही सतत समाजसेवा एवं राजनीति में सक्रिय है। वह श्री रामजन्मभूमि मंदिर निर्माण न्यास अयोध्या जी के राष्ट्रीय प्रवक्ता, महाराष्ट्र स्टील उद्योग एसोसिएशन के अध्यक्ष ,संकल्प राष्ट्रसेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष, उत्तर भारतीय समाज के प्रमुख नेता , श्री महाराणा प्रताप एकता मंच के महासचिव, राष्ट्रीय मजदूर यूनियन के उपाध्यक्ष एवं अनेक सामाजिक संस्थाओं से जुडे. हुए हैं राष्ट्रवाद न्यूज.के संपादक, एक कवि एवं राष्ट्रवादी राष्ट्रभक्त प्रखर वक्ता के रूप में उनकी पहचान है,शिवसेना पक्षप्रमुख उद्धव ठाकरे द्वारा



उनकी इस नियुक्ति से समाज के सभी वर्गों में खुशी है। शिवसेना सांसद राजन विचारे के जनसंपर्क कार्यालय में जिला प्रमुख मीराभायंदर प्रभाकर म्हात्रे, पूर्व विरोधी पक्षनेता प्रवीण पाटील, पूर्व गटनेता नीलम ढवन, उपजिलाप्रमुख लक्ष्मण जंगम, उपजिलासंगठक सुप्रिया घोसालकर, उत्तर भारतीय संपर्क प्रमुख सुरेश दुबे,ग्राहक संरक्षण कक्ष राज्य सदस्य सदानंद घोसालकर ,नगरसेविका तारा घरत ,नगरसेविका स्नेहा शैलेश पान्डे ,शहर प्रमुख चंद्रकांत मुद्रस, पाठक सतीश आँचेकर , युवासेना जिलाअधिकारी पवन घरत ,उपशहर प्रमुख राजेश सिंह, आदि पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ देकर शैलेश पांडे का स्वागत किया।

# महिला बालकल्याण समिती के घोटाले के कुछ मिले कागज

**जेकेएस संवाददाता**

**भायंदर।** आखिरकार ६ महीने बाद महिला व बाल कल्याण समिति में हुए कथित घोटाले से जुड़े दस्तावेज री- ऑडिटिंग के लिए ऑडिटर को मिल गए हैं। हालांकि अभी तक १० साल की जगह सिर्फ ५ साल के ही कागज पर उपलब्ध कराए गए हैं। अब देखना होगा कि री-ऑडिटिंग कब से शुरु हो पाती है। उल्लेखनीय है कि मीरा-भायंदर मनपा की महिला व बाल कल्याण समिति में १८ करोड़ रुपए का घोटाला होने का आरोप कांग्रेस ने किया था। बीते साल अगस्त में हुई आमसभा के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सभागृह के बाहर पोस्टर लेकर प्रदर्शन किए थे। सभागृह और मीडिया में ऑन कैमरा तत्कालीन महापौर ज्योत्सना हसनाले ने इस प्रकरण में पैसा लेने का आरोप कांग्रेस पर किया था और घोटाले की जांच का आदेश प्रशासन को दिया था। जिसके बाद मनपा आयुक्त दिलीप ढोले ने महिला व बाल कल्याण समिति के १० साल के दस्तावेजों की री-ऑडिट करने का आदेश ऑडिटर को दिया था लेकिन ६ महीना बीत जाने के बाद ऑडिटर को दस्तावेज ही महिला व बाल कल्याण समिति ने उपलब्ध नहीं कराए। घोटाले पर कांग्रेस भी मौन साध ली। इस संबंध में एक जागरूक नागरिक ने सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगी थी जिसके बाद दुखी मन से महिला व बाल कल्याण समिति ने दस्तावेज ऑडिटर को उपलब्ध करा दिया। प्रभारी ऑडिटर मंजिरी डिमेलो ने बताया कि उन्हें वित्तीय वर्ष २०१६-१७ से वर्ष २०२० -२१ तक के दस्तावेज मिले हैं।

# मुंबई दर्शन करने आई महिलाएं गुमी,पुलिस की सतर्कता से महिलाएं मिली परिवार को

**जेकेएस संवाददाता**

**भाईंदर।** मूलत: उत्तरप्रदेश के जिला सिद्धार्थनगर से मुंबई यात्रा पर आई हुई 'दो गुमशुदा महिलाओं का पता लगाने में चर्चगेट रेल्वे पुलिस (जीआरपी) ने सफलता हासिल कर ली है। भाईंदर की प्रतिष्ठित अल-कैन एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ' के ' एडमिन मैनेजर परशुराम लोधिया के मूल गांव उत्तरप्रदेश जिला सिद्धार्थनगर से भाईंदर में महाराष्ट्र के जिला नाशिक एवं मुंबापुरी में लगभग ४० लोग दर्शन करने आये थे। परशुराम लोधिया जी ने सभी यात्रियों-श्रद्धालुओं की रहने एवं भोजन की समुचित व्यवस्था की थी। सभी दर्शनार्थी विरार की तरफ जीवदानी मंदिर में दर्शन करने चले गए, जिसमें कुछ दर्शनार्थी वहीं से मुंबई के मुम्बादेवी में दर्शन करने चले गए थे। मुंबादेवी में दर्शन करने गए दर्शनार्थियों में दो अधेड़ उम्र की महिलाएं श्रद्धालुओं की भीड़ में रास्ता भटक गई और अपने साथ उत्तरप्रदेश से आये लोगों से बिछड़ गईं। सभी लोग बहुत परेशान हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार



इस बीच कर्मठ समाजसेवक एवं उद्यमी परशुराम लोधिया तुरंत मुंबादेवी के लिए रवाना हो गए. और वहां पहुँचकर उन्होंने मुंबादेवी पुलिस चौकी, एल.टी.मार्ग पुलिस स्टेशन से संपर्क किया तथा ' दो गायब महिला यात्रियों ' की सूचना दी साथ ही उन्होंने ' चर्चगेट रेल्वे पुलिस ' ( जीआरपी) से भी संपर्क किया। पोलिस बहुत ही सूझबूझ से दोनों गायब महिलाओं के हुलिया के बारे में पता किया काफी खोजबीन के बाद मात्र कुछ घंटे में ही चर्चगेट रेल्वे पुलिस '(जीआरपी) ने उन महिलाओ के मिल जाने की बात कही और परशुराम लोधिया जी को मुंबादेवी पुलिस चौकी से पोलिस की गाड़ी में चर्चगेट रेल्वे पुलिस चौकी ले जाया गया और वहां एक दूसरे को देखकर आँखे नम हो गई, मुंबई पोलिस ने उनके साथ एवं ' मुंबई दर्शन यात्रा ' पर आए गुमशुदा महिला श्रद्धालुओं के साथ बहुत ही आत्मीयता से पेश आये और उनका आवभगत किया। और ' स्टेटमेंट ' लेकर दोनों गुमशुदा महिलाओं को सुपुर्त कर दिया। इसके लिए श्रद्धालुओं एवं परशुराम लोधिया के साथ साथ उत्तरप्रदेश के जनपद सिद्धार्थनगर के लोगों की तरफ से मुंबई पुलिस को ह्रदय से धन्यवाद दिया। दोनों गुमशुदा महिलाओं का पता लगाकर सुपुर्त करने में चर्चगेट रेल्वे पुलिस (जीआरपी) के सहायक पुलिस उप-निरीक्षक कैलाश पांडुरंग पठाड़े, हेड-कॉन्स्टेबल सतीश लक्ष्मण शिवतरे (ब.नं. १७३१), हेड-कॉन्स्टेबल प्रकाश गोड़गे (ब.नं. २०८८), महिला पुलिस कॉन्स्टेबल विद्या तानाजी राऊत (ब.नं. ४२), महिला कॉन्स्टेबल चांगुना बारामते (ब.नं. १५६९), पुलिस सिपाही ऋषिकेश कटारे ( ब. नं. २३४९) ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई।

# सडक टैक्स के बाद अब प्रॉपर्टी टैक्स का नंबर, जनता पर गिरेगा भार

**जेकेएस संवाददाता**

**भायंदर।** मीरा भयंदर में रहने वाले लोगों को एक और बढ़ोतरी का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। मीरा भाईंदर महानगरपालिका ने प्रॉपर्टी टैक्स में २५ प्रतिशत बढ़ोतरी करने के संकेत दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार आयुक्त दिलीप ढोले ने अतिरिक्त आयुक्त अनिकेत मनोरकर की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया है। सोमवार को हुई इस समिति की बैठक में महापालिका की आय बढ़ाने की दिशा में पर चर्चा की गई। बैठक में तय किया गया कि १० प्रतिशत रोड टैक्स को बगल करके प्रॉपर्टी टैक्स में २५ प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाए। मीरा भाईंदर महानगरपालिका का वर्ष २०२२-२३ का बजट बढ़ाकर २ हजार २५२ करोड़ ६५ लाख किया गया है। मीरा भायंदर में लगातार बढ.रही जनसंख्या के हिसाब से लोगों को मूलभूत सुविधाएं भी दी जानी है। ऐसे में महापालिका के पास टैक्स बढाने के अलावा कोई और चारा नहीं है। यही कारण है कि महापालिका प्रॉपर्टी टैक्स में २५ प्रतिशत की बढ़ोतरी करने के लिए तैयार दिख रही है।

# बेरोजगारों को मिलेगी नौकरी, मनपा में मिलेगी नौकरी

**जेकेएस संवाददाता**

**भाईदर।** मीरा भाईदर महानगरपालिका के कई विभागों में लंबे अरसे से खाली पड़े पदों के अब जल्द भरने की संभावना बताई जा रही है। महापालिका के अस्थापना विभाग द्वारा महाराष्ट्र सरकार के नगर विकास विभाग को इस बाबत प्रस्ताव भेजा गया है। महापालिका में पिछले कई सालों से लोग लगातार सेवानिवृत्त हो रहे हैं, परंतु उनकी जगह खाली पदों की नियुक्ति नहीं की जा रही है। इस वर्ष भी काफी संख्या में लोग सेवानिवृत्त हो रहे हैं। खाली पड़े पदों के चलते महापालिका के कामकाज में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आस्थापना विभाग के उपायुक्त मारुति गायकवाड के अनुसार जल्द ही महापालिका में खाली पड़े ३५० पदों को भरा जाएगा। ११ जनवरी २०२३ को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में महापालिका ,नगर पालिका, नगर परिषद, जिला प्रशासन की बुलाई गई बैठक में खाली पड़े पदों को भरने का निर्देश दिया गया था। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार मुंबई महानगर पालिका ने प्रस्ताव तैयार कर नगर विकास विभाग को भेजा है। मीरा भायंदर महानगरपालिका में इस समय कुल १०९८ पद रिक्त है।

# उनमें दम है तो अडानी की कर्जवसुली करके दिखाओ

**जेकेएस संवाददाता**

**भायंदर :** अडानी हिंडनबर्ग मामले के बाद देश की जनता में केंद्र सरकार के खिलाफ आक्रोश और अविश्वास का माहौल बनने लगा है। अडाणी समूह द्वारा एफपीओ वापस लेने के बाद आम जनता, निजी निवेशकों और कई निवेश फर्मों द्वारा शेयर बाजार में किए गए निवेश पर सवाल उठे हैं। इसमें एलआईसी और एसबीआई जैसी बड़ी कंपनियों द्वारा हजारों करोड़ रुपए के निवेश से आम लोगों के अप्रत्यक्ष जमा पर कांग्रेस ने चिंता जतानी शुरू कर दी है। सोमवार दिनांक ६ फरवरी २०२३ को मीरा




भायंदर शहर जिला कांग्रेस कमेटी एवं युवा कांग्रेस की ओर से मीरा रोड के शिवर गार्डन सिग्नल पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सामने धिक्कार आंदोलन का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष प्रमोद सामंत के नेतृत्व में मीरा भायंदर शहर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अडानी घोटाले को जनता के सामने लाने का प्रयास किया। अडानी ग्रुप पर हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद अडानी ग्रुप के शेयर की कीमत में भारी गिरावट आई है। हालांकि, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि केंद्र की भाजपा सरकार अभी भी इस पर ध्यान नहीं दे रही है, सामंत ने कहा मोदी सरकार जानबूझकर इस अडानी घोटाले को छुपा रही है। जबकि अडानी के पास कोई क्रेडिट नहीं है, एसबीआई ने बीजेपी के दबाव में आउट-ऑफ-पॉकेट लोन देकर आम कर्जदारों का पैसा डुबो दिया है। दीप काकड़े ने यह राय व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री को चेतावनी दी कि अगर उनमें दम है तो अडानी को दिए गए कर्ज की वसूली करके दिखाओ। इस अवसर पर पूर्व नगरसेविका मर्लिन डिसा और गीता परदेशी, प्रदेश प्रतिनिधि महेंद्र सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष फरीद कुरैशी, राकेश राजपुरोहित, एकनाथ पाटिल; महिला जिलाध्यक्ष रूपा पिंटो, महाराष्ट्र राज्य युवा कांग्रेस सचिव दीप काकडे, राज्य सोशल मीडिया सचिव यास्मीन खान, मीरा भायंदर युवा कांग्रेस अध्यक्ष सिद्धेश राणे, ओवला माजीवाड़ा युवा कांग्रेस अध्यक्ष कुणाल काटकर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता, महिलाएं और युवा मौजूद थे।

# विधायक सरनाईक लेकर आए करोडों का फंड, सडकों का होगा निर्माण

भाईंदर : विकास के मामले में अब तक उपेक्षित मीरा भायंदर नगर निगम के हाईवे बेल्ट के वार्ड नंबर १४ में सड़क़ों के लिए १०० करोड.रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है. यह फंड % एमएमआरडीए द्वारा सड़क़ कार्यों के लिए दिया गया है और इस कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया भी हो चुकी है. विधायक प्रताप सरनाईक ने कहा कि प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के जन्मदिन ९ फरवरी को वार्ड नंबर १४ में सडक़ का काम शुरू किया गया वार्ड १४ में विकास के मामले में कोई कमी नहीं रहे इसके लिए स्थानीय विधायक प्रताप सरनाईक खुद सुनिश्चित कर रहे हैं. जैसा कि नगर निगम ने अब तक जानबूझकर इस वार्ड की उपेक्षा की है, विधायक इस वार्ड के विकास के लिए राज्य सरकार से धन लेकर आए हैं। इस वार्ड में स्थानीय



भूमिपुत्र आदिवासी, अग्रीस, कोली भाई भी रहते हैं। गरीबों के घर भी हैं, बैठी चालीस । हालाँकि यहाँ जनसंख्या में वृद्धि हुई है, फिर भी यहाँ सडक़, पीने के पानी आदि जैसी नागरिक समस्याएँ हैं। विधायक सरनाईक सडक़ों के लिए १०० करोड.का फंड लेकर आए हैं ताकि शहर के अन्य हिस्सों की तरह इस वार्ड में भी अच्छी सडक़ों का निर्माण हो. काम के लिए टेंडर प्रक्रिया हो चुकी है और अब वर्क ऑर्डर शुरू होगा। यह भूमिपूजन मुख्यमंत्री के जन्मदिन के मौके पर किया गया है उक्त कार्यक्रम के अवसर पर मीरा भायंदर पालिका के आयुक्त दिलीप ढोले व शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक-मुद्रक सीमा गुप्ता के लिए (प्रिंटींग) सागर प्रिंट एंड प्रोसेस, प्रगती इंडस्ट्रीयल, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - ४०००११ से मुद्रित १०१, १ला माला सेक्टर ११ सी-२८, टी.एम.टी. बस स्टॉप के पीछे, शांतिनगर, मीरारोड (पूर्व), जिला थाना ४०११०७ (महाराष्ट्र) से प्रकाशित संपादक - सीमा गुप्ता, उप संपादक मोहम्मद अहमद निसार अहमद, सलाहकार : सुधाकर डी., पी.आर.बी अधिनियम के अंतर्गत समाचारों के चन के लिए उत्तरदायी है। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र केवल जिला थाना रहेगा।
RNI NO. MAHHIN/2004/17839 Mob.No.9004895944 Email :newsjankalyanseva@gmail.com wwwjankalyanseva.com; Jankalyan Seva GST No. 27AGUPG9011BIZI